# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली

## हिन्दी कक्ष की ओर से नव वर्ष की शुभकामनाएँ

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# 2023

### जनवरी

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| सोम | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| मंगल | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| बुध | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| बृह | 5 | 12 | 19 | 26 | |
| शुक्र | 6 | 13 | 20 | 27 | |
| शनि | 7 | 14 | 21 | 28 | |

### फरवरी

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| सोम | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| मंगल | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| बुध | 1 | 8 | 15 | 22 | |
| बृह | 2 | 9 | 16 | 23 | |
| शुक्र | 3 | 10 | 17 | 24 | |
| शनि | 4 | 11 | 18 | 25 | |

### मार्च

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| सोम | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| मंगल | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| बुध | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| बृह | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| शुक्र | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| शनि | 4 | 11 | 18 | 25 | |

### अप्रैल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | 30 | 2 | 9 | 16 | 23 |
| सोम | | 3 | 10 | 17 | 24 |
| मंगल | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| बुध | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| बृह | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| शुक्र | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| शनि | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |

### मई

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| सोम | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| मंगल | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| बुध | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| बृह | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| शुक्र | 5 | 12 | 19 | 26 | |
| शनि | 6 | 13 | 20 | 27 | |

### जून

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| सोम | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| मंगल | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| बुध | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| बृह | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| शुक्र | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| शनि | 3 | 10 | 17 | 24 | |

### जुलाई

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | 30 | 2 | 9 | 16 | 23 |
| सोम | 31 | 3 | 10 | 17 | 24 |
| मंगल | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| बुध | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| बृह | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| शुक्र | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| शनि | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |

### अगस्त

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| सोम | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| मंगल | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| बुध | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| बृह | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| शुक्र | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| शनि | 5 | 12 | 19 | 26 | |

### सितम्बर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | | 3 | 10 | 17 | 24 |
| सोम | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| मंगल | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| बुध | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| बृह | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| शुक्र | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| शनि | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |

### अक्टूबर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| सोम | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| मंगल | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| बुध | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| बृह | 5 | 12 | 19 | 26 | |
| शुक्र | 6 | 13 | 20 | 27 | |
| शनि | 7 | 14 | 21 | 28 | |

### नवम्बर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| सोम | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| मंगल | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| बुध | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| बृह | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| शुक्र | 3 | 10 | 17 | 24 | |
| शनि | 4 | 11 | 18 | 25 | |

### दिसम्बर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | 31 | 3 | 10 | 17 | 24 |
| सोम | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| मंगल | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| बुध | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| बृह | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| शुक्र | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| शनि | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |

## वर्ष 2023 - अवकाश विवरण

| | | |
|---|---|---|
| गणतंत्र दिवस | 26 जनवरी | बृहस्पतिवार |
| होली | 08 मार्च | बुधवार |
| राम नवमी | 30 मार्च | बृहस्पतिवार |
| महावीर जयंती | 04 अप्रैल | मंगलवार |
| गुड फ्राइडे | 07 अप्रैल | शुक्रवार |
| वैसाखी | 14 अप्रैल | शुक्रवार |
| *ईद–उल–फितर | 22 अप्रैल | शनिवार |
| बुद्ध पूर्णिमा | 05 मई | शुक्रवार |
| *ईद–उल–जुहा (बकरीद) | 29 जून | बृहस्पतिवार |
| *मुहर्रम | 29 जुलाई | शनिवार |
| स्वतंत्रता दिवस | 15 अगस्त | मंगलवार |

## वसुधैव कुटुम्बकम्

भारत 2023 INDIA

एक समावेशी पहल

एक पृथ्वी, एक परिवार व एक भविष्य के मंत्र के साथ ......

| | | |
|---|---|---|
| जन्माष्टमी | 07 सितम्बर | बृहस्पतिवार |
| *मिलाद–उल–नबी या ईद–ए–मिलाद (प्रोफेट मोहम्मद का जन्मदिन) | 28 सितम्बर | बृहस्पतिवार |
| महात्मा गांधी जन्मदिवस | 02 अक्टूबर | सोमवार |
| दशहरा | 24 अक्टूबर | मंगलवार |
| दिवाली (दीपावली) | 12 नवम्बर | रविवार |
| गोवर्धन पूजा | 13 नवम्बर | सोमवार |
| गुरू नानक जन्मदिवस | 27 नवम्बर | सोमवार |
| क्रिसमस डे | 25 दिसम्बर | सोमवार |

* चाँद दिखने के कारण मीडिया (टी.वी./आकाशवाणी/समाचार पत्र आदि) के माध्यम से भारत सरकार यदि उपर्युक्त छुट्टियों की तारीखों में परिवर्तन की घोषणा करती है तो संस्थान तदनुसार अपने आप ही विषयान्तर्गत छुट्टियों का अनुपालन करेगा और इस संबंध में कोई नोटिस जारी नहीं किया जाएगा।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली
पाक्षिक समाचार

# सम्पर्क

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खण्ड–XXVII अंक–12 31 दिसंबर, 2022

**अहं सर्वस्य प्रभवो मत्तः सर्वं प्रवर्तते। इति मत्वा भजन्ते मां बुधा भावसमन्विताः।।**
मैं वायुदेव ही सम्पूर्ण जगत की उत्पत्ति का कारण हूँ और मुझसे ही सब जगत चेष्टा करता है, इस प्रकार समझकर श्रद्धा और भक्ति से युक्त बुद्धिमान भक्तजन मुझ परमेश्वर को ही निरन्तर भेजते हैं।

**श्रीमद्भगवद्गीता 10/8**

## निदेशक महोदय का नववर्ष संदेश

संस्थान निदेशक प्रो. रंगन बनर्जी ने समस्त संकाय, स्टाफ तथा विद्यार्थियों को नववर्ष की शुभकामनाऐं देते हुए उनके परिवार व परिसरवासियों के लिये समृद्ध नववर्ष की कामना की है।

आपने आशा व्यक्त की है कि हम सभी परस्पर पूरकता की भावना (समावेशी) से संस्थान के चहुंमुखी विकास के लिये मनोयोग व उत्साह के साथ कार्य करेंगे। संस्थान की दृष्टि में वर्ष 2022 का विशेष महत्व है क्योंकि इस दौरान हमने संस्थान की शैक्षिक गतिविधियों के प्रसार एवं विस्तार के साथ–साथ संस्थान की बढ़ती हुई संरचनात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये योजनाओं को अंतिम रूप दिया है। भारत सरकार द्वारा जारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) –2020 की सिफारिशों के कार्यान्वयन हेतु हमारा संस्थान एक सक्रिय भूमिका निभा रहा हैं। इस विषय पर संस्थान ने कई परिचर्चा पैनल आयोजित किये हैं। संस्थान वर्तमान पाठ्यक्रम की समीक्षा करने तथा नये पाठ्यक्रम को तैयार करने की दिशा में कार्यरत है।

पिछला वर्ष अनेक गतिविधियों से परिपूर्ण रहा, जिसमें हम अंततः ऑनलाइन माध्यम से बाहर आए और कई कार्यक्रमों जैसे–स्वतंत्रता दिवस से लेकर, डायमंड जुबली समापन समारोह (जिसमें भारत की महामहिम राष्ट्रपति मुख्य अतिथि रहीं), दीक्षांत समारोह, विद्यार्थियों की अनेकों गतिविधियों का आयोजन पूर्ववत सामान्य तरीके से किया गया।

निदेशक महोदय ने आशा व्यक्त की है कि नये वर्ष में हम सभी आपसी विश्वास व सहयोगी भावना से संस्थान के समग्र विकास के लिये प्रसन्नता से योगदान करेंगे तथा संस्थान को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

---

## सेवानिवृत्तियाँ

संस्थान के निम्नलिखित संकाय/स्टाफ सदस्य अधिवर्षिता की आयु होने पर 31 दिसम्बर, 2022 को अपराह्न में संस्थान से सेवानिवृत्त हो रहे हैं :–

### प्रो. (सुश्री) सत्यवती शर्मा, प्रोफेसर, ग्रामीण विकास एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र



**प्रो. सत्यवती शर्मा** ने 14 अगस्त, 1997 को संस्थान में सहायक प्रोफेसर के रूप में ग्रामीण विकास एवं प्रौद्योगिकी केंद्र में कार्यभार ग्रहण किया था। 26 अक्टूबर, 2006 में आपको सह प्रोफेसर, 13 अप्रैल, 2011 में आपको प्रोफेसर तथा 1 जुलाई, 2019 में आपको वरिष्ठ प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया।

आप स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को पढ़ाने में शामिल रही। आपने कई पोस्ट-डॉक्टरल फेलो, पीएच.डी. तथा स्नातकोत्तर छात्रों का मार्गदर्शन किया है। आपके मार्गदर्शन में 40 से ज्यादा छात्रों ने सफलतापूर्वक पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की एवं आपके दिशानिर्देशन में 40 से ज्यादा परियोजना कार्यों को पूर्ण किया गया। आपने आगरा विश्वविद्यालय से वनस्पति विज्ञान में एम.एससी. की डिग्री और फिर आई.आई.टी. दिल्ली से पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की। पीएच.डी. में आपकी विशेषता का क्षेत्र बायोमास उत्पादन, रूपांतरण और उसका उपयोग था।

आपको वर्ष 2013 में वाइडनर यूनिवर्सिटी, फिलाडेल्फिया, यूएसए द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रौद्योगिकी और प्रबंधन के क्षेत्र में आपके योगदान के लिए 'इराज जांडी अवार्ड' से सम्मानित किया गया था। आपको रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री, यू.के. द्वारा 'एनर्जी क्रॉप्स' किताब में आपके योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया था। आपको वर्ष 2017 में तीन वर्ष के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एन.आर.डी.सी), डी.एस.आई.आर. के स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। आप डी.एस.टी., डी.एस. आई.आर., एम.ओ.आर.डी. आदि की विभिन्न सलाहकार और विशेषज्ञ समितियों में भी शामिल रही हैं।

आपने दीमक नियंत्रण, सूत्रकृमि नियंत्रण, कवक विल्ट नियंत्रण, कीट नियंत्रण और रैपिड कम्पोस्टिंग के लिए 5 जैव–सूत्रीकरण विकसित किए हैं। इनमें से 4 सूत्रीकरण का पेटेंट कराया जा चुका है, जिनमें से 2 को अनुदत्त किया गया है। साथ ही, दीमक, सूत्रकृमि, और कवक विल्ट नियंत्रण से संबंधित आपकी तकनीकों को उद्योगों में स्थानांतरित किया गया है। प्रो. शर्मा जैव उर्वरक, रैपिड कम्पोस्टिंग/अपशिष्ट प्रबंधन,

टिश्यू कल्चर, फंगल और वनस्पतिक जैव कीटनाशकों, बंजर भूमि सुधार, मशरूम प्रौद्योगिकी, वर्मीटेक्नोलॉजी, सिल्विपास्टोरल तकनीक और बायोगैस घोल प्रबंधन जैसे अनुसंधान क्षेत्रों में गहराई से शामिल रही हैं।

अपने मिलनसार, सहयोगी, समर्पित, निष्पक्ष और विनम्र व्यक्तित्व के साथ प्रो. सत्यावती शर्मा हमेशा अपने सहयोगियों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों के बीच अत्यंत लोकप्रिय संकाय रही हैं।

### श्री ब्रह्म प्रकाश (25663), सहायक कार्यपालक इंजीनियर, निर्माण संगठन



**श्री ब्रह्म प्रकाश** ने 8 फरवरी, 1984 को संस्थान में कनिष्ठ इंजीनियर (सिविल) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। 1 मार्च, 1992 को आर.ऐन्ड सी.डी.एस. के अन्तर्गत आपको कनिष्ठ इंजीनियर (ग्रेड–I) के रूप में चयनित किया गया। 1 मई, 1998 को आर.सी.पी.एस. के अन्तर्गत आपको सहायक इंजीनियर के रूप में मैप तथा 1 मार्च, 2004 को इसी योजना के अन्तर्गत वरिष्ठ सहायक इंजीनियर के रूप में पदोन्नत किया गया। 30 जनवरी, 2009 को प्रत्यक्ष भर्ती के अन्तर्गत आपको सहायक कार्यपालक इंजीनियर के रूप में नियुक्त किया गया तथा 5 नवम्बर, 2021 को आर.ऐन्ड पी.आर.एस. के अन्तर्गत उन्नयन दिया गया। सौम्य एवं मृदु स्वभाव के श्री ब्रह्म प्रकाश एक मेहनती एवं कर्मठ सहायक कार्यपालक इंजीनियर रहे हैं।

### श्री संत राम (25713), कनिष्ठ तकनीकी अधीक्षक, जैव रासायनिक इंजीनियरी एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग



**श्री संत राम** ने 12 मार्च, 1981 को संस्थान में अटेन्डेन्ट के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। 1 अप्रैल, 1986 को आर. ऐन्ड सी.डी.एस. के अन्तर्गत आपको अटेन्डेन्ट (ग्रेड-I) के रूप में पदोन्नत किया गया। 27 मार्च, 1987 को आपको मैकेनिक के रूप में नियुक्त किया गया। 1 अप्रैल, 1995 को आर. ऐन्ड सी.डी.एस. के अन्तर्गत आपको वरिष्ठ मैकेनिक रूप में चयनित किया गया। 1 मई, 1998 को आर.सी.डी.एस. के अन्तर्गत आपको मैकेनिक के रूप में मैप तथा 1 अप्रैल, 2007 को कनिष्ठ तकनीकी अधीक्षक के रूप में पदोन्नत किया गया। 27 मार्च, 2017 को एम.ए.सी.पी. के अन्तर्गत आपको उन्नयन दिया गया। योग्य एवं मेहनती श्री संतराम एक कर्मठ एवं कर्तव्यपरायण कनिष्ठ तकनीकी अधीक्षक रहे हैं।

### श्रीमती अनीता रानी (26712), वरिष्ठ सहायक, स्थापना अनुभाग–I



**श्रीमती अनीता रानी** ने 18 मार्च, 2005 को संस्थान में अवर श्रेणी लिपिक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया तथा आपको आर.सी.पी.एस. के अन्तर्गत कनिष्ठ सहायक के रूप में मैप किया गया। 18 मार्च, 2015 को एम.ए.सी.पी.एस. के अन्तर्गत आपको उन्नयन दिया गया तथा 8 दिसम्बर, 2022 को डी.पी.सी. के अन्तर्गत आपको वरिष्ठ सहायक के रूप में पदोन्नत किया गया। मृदु स्वभाव की श्रीमती अनीता रानी योग्य एवं कर्मठ वरिष्ठ सहायक रही हैं।

### श्री कुलदीप चन्द (27131), कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक, रसायन विज्ञान विभाग



**श्री कुलदीप चन्द** ने 2 जनवरी, 1987 को संस्थान में अटेन्डेन्ट के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। 2 जनवरी, 1995 को आर. ऐन्ड सी.डी.एस. के अन्तर्गत आपको 950-1400/3050-4590/-रु. के वेतनमान में चयनित किया गया। 1 फरवरी, 2005 को एम.ए.सी.पी. के अन्तर्गत 4000-6000/-रु. के वेतनमान में आपको पदोन्नत किया गया तथा 1 फरवरी, 2015 को एम.ए.सी.पी. के अन्तर्गत आपको 5200-20200+ ग्रेड वेतन 2800/–रु. के वेतनमान में उन्नयन दिया गया। 4 अप्रैल, 2016 को आपको कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक के रूप में नियोजित किया गया। सौम्य स्वभाव के श्री कुलदीप चन्द योग्य एवं कर्मठ कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक रहे हैं।

### श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी (27181), कनिष्ठ सहायक, गुलमोहर अतिथि गृह



**श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी** ने 2 जनवरी, 1987 को संस्थान में अटेन्डेन्ट के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। 1 फरवरी, 1995 को आर. ऐन्ड सी.डी.एस. के अन्तर्गत आपको 950-1400/3050-4590/-रु. के वेतनमान में चयनित किया गया। 1 फरवरी, 2005 को एम.ए.सी.पी. के अन्तर्गत आपको 4000-6000/-रु. के वेतनमान में पदोन्नत किया गया। 1 फरवरी, 2015 को एम.ए.सी.पी. के अन्तर्गत आपको 5200-20200+ ग्रेड वेतन 2800/–रु. के वेतनमान में उन्नयन दिया गया। 23 फरवरी, 2017 को आपको कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक के रूप में नियोजित किया गया। सौम्य एवं विनम्र स्वभाव के श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी योग्य एवं कर्मठ कनिष्ठ सहायक रहे हैं।

### श्री रमेश चन्द (50608), परिचर, करियर सेवाएं



**श्री रमेश चन्द** ने 24 जनवरी, 1990 को संस्थान में अटेन्डेन्ट के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। 1 फरवरी, 1998 को आर. ऐन्ड सी.डी.एस. के अन्तर्गत 950-1400/3050-4590/-रु. के वेतनमान में चयनित किया गया। 1 सितम्बर, 2008 को एम.ए.सी.पी. के अन्तर्गत आपको 5200-20200+2000/रु. ग्रेड वेतन में उन्नयन दिया गया। 1 सितम्बर, 2018 को इसी योजना के अन्तर्गत आपको 5200-20200+2400/ रु. ग्रेड वेतन में उन्नयन दिया गया। विनम्र एवं मृदुभाषी श्री रमेश चन्द एक कर्मठ एवं कर्तव्यपरायण अटेन्डेन्ट रहे हैं।

संस्थान समुदाय उपरोक्त संकाय तथा स्टाफ सदस्यों को भावभीनी विदाई देते हुए उनके व उनके परिवार के लिए सुख, समृद्धि एवं शांतिमय जीवन की कामना करता है।

हिन्दी कक्ष द्वारा सम्पादित एवं प्रकाशित दूरभाषः EPABX 7144

*मुद्रकः* सागर प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, नई दिल्ली। ई–मेलः sagarprinters@gmail.com